ग्रामीण कृषि मौसम सेवा

भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 13-01-2023

उधम सिंह नगर(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2023-01-13 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2023-01-14	2023-01-15	2023-01-16	2023-01-17	2023-01-18
वर्षा (मिमी)	1.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	23.0	20.0	18.0	16.0	17.0
न्यूनतम तापमान(से.)	6.0	5.0	4.0	4.0	5.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	90	90	90	85	85
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	30	30	30	30	30
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	6.0	10.0	8.0	6.0	6.0
पवन दिशा (डिग्री)	320	320	310	310	310
क्लाउड कवर (ओक्टा)	2	0	0	0	0

मौसम सारांश / चेतावनी:

विगत सात दिनों (6 - 11 जनवरी , 2022) में 0.0 मिमी वर्षा हुई व आसमान साफ रहा। अधिकतम तापमान 10.0 से 11.5 डि0से0 एवं न्यूनतम तापमान 5.0 से 8.0 डि0से0 के बीच रहा तथा वायु में सुबह 0712 बजे सापेक्षित आर्द्रता 84 से 97 प्रतिशत व दोपहर 1412 बजे सापेक्षित आर्द्रता 68 से 92 प्रतिशत एवं हवा 0.3 से 3.2 कि0मी0 प्रति घंटा की गति से मुख्यतः पश्चिम-उत्तर-पश्चिम, पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम व पूर्व-उत्तर-पूर्व दिशा से चली| आगामी पांच दिनो में, आज 13 जनवरी को कहीं-कहीं बूंदा-बांदी हो सकती है तथा शेष दिन मौसम साफ रहेगा। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमशः 16.0-23.0 व 4.0 - 6.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 6.0-10.0 किमी/घंटे की गति से उत्तर-पश्चिम दिशा से चलने का अनुमान है।

सामान्य सलाहकार:

आईएमडी मौसम पूर्वानुमान और आपके स्थान की कृषि मौसम संबंधी सलाह अब मेघदूत मोबाइल ऐप पर अंग्रेजी और क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध है। कृपया निम्न लिंक से डाउनलोड करें: एंड्रॉ यड: https://play.google.com/store/apps/details?id=com.aas.meghdoot आईओएस: https://apps.apple.com/in/app/meghdoot/id1474048155 किसान भाई फसलों में आवश्यकतानुसार निराई गुड़ाई, सिंचाई एवं पोषक तत्वों का प्रबन्धन करें। सरदी से बचाव के लिए पशुघर का प्रबंध ठीक से करें।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनो में, आज 13 जनवरी को कहीं-कहीं बूंदा-बांदी हो सकती है तथा शेष दिन मौसम साफ रहेगा। किसान भाई फसलों में आवश्यकतानुसार सिंचाई करें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
सरसों	सरसो में तना सड़न रोग की रोकथाम हेतु, कार्बेन्डाजिम या प्रोपीकोनाजोल की 100 ग्राम को 100 लीटर पानी में घोल बनाकर 10 दिन के अन्तराल पर छिड़काव करे। सिंचाई से बचे तथा प्रभावित पौधो का निकालकर अलग करे।
गेहूँ	खेत में खड़े गेहूँ की फसल में दूसरी सिंचाई 40-45 दिन की अवस्था पर कल्ले निकलते समय करें। चैड़ी पत्ती वाले खरपतवार की अधिकता होने पर 2,4 डी को 500 ग्राम/है या मेटसल्फ्यूरॉन मिथाइल की 4.0 ग्राम/है0 को नवम्बर माह में बुवाई करने पर 30-35 दिन में व दिसम्बर में बोई गई फसल में 40-50 दिन बाद तथा सकरी पत्ती वाले खरपतवार की अधिकता होने पर आइसोप्रोट्यूरॉन 1 किग्रा/है0 की दर से बुवाई के 30-35 दिन में प्रयोग करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
टमाटर	टमाटर की फसल में पछेती झुलसा रोग के प्रकोप से बचाव हेतु मैनकोजेब 2.5 ग्रा0/ली0 पानी की दर से घोल बनाकर छिडकाव करे।
राजमा/ लोबिया	तराई क्षेत्र मे लोबिया की बुवाई करें।
सब्जी पीईए	मटर के तने या फलियो पर सफेद रूई जैसी बढ़वार दिखाई देने पर सक्रंमित पौधो को निकालकर नष्ट कर दें

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
भेंस	ठंड में पशुओं के आहार में तेल और गुड़ की मात्रा बढ़ा दें। अधिक ठंड की स्थिति में पशुओं को अजवाइन और गुड़ दें। पहाड़ी क्षेत्रों में पशुशाला में गर्मी हेतु हीटर का उपयोग करें। तथा अंगेठी का उपयोग धुंआँ निकलने के बाद कर सकते हैं।